हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 37.5 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

13 एडीसी ने अनाज मंडी का किया दौरा, बाजरा खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा



14 दो साल में बदली स्वास्थ्य की तस्वीर, अस्पतालों में बढ़ीं जांच उपचार और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं



खबर संक्षेप

हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद वाहन सहित फरार हुए दो चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सोहना रोड पर हुए हादसे के बाद गुरूग्राम के लोहचबका निवासी सतबीर को गिरफ्तार किया है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। थाना सदर पुलिस ने गोकलगढ़ के पास हुए हादसे के बाद 7 अक्टूबर को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने यूपी के नोएडा निवासी अजिजुल हक को गिरफ्तार किया है। उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

मारपीट मामलों में चार आरोपी पकड़ा

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने गांव रामपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में चार आरापियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 30 सितंबर को कई आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने और धमकी देने का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद रामपुरा निवासी तुषार, कृष्ण, सावन और सागर को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहिता कोमल की शिकायत के आधार दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराने के प्रयास किए थे। बार-बार काउंसलिंग के बाद भी उनमें समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने गत 22 सितंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद गुरूग्राम के जौड़ी कलां निवासी मोनू को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

उद्घोषित अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ा



रेवाड़ी। गिरफ्तार किया गया पीओ।

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे एक मामले में मांढैया खुर्द निवासी दिनेश तारीख पर पेश नहीं हो रहा था। बार-बार सम्मन भेजे जाने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ, तो बीते दिनों कोर्ट ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस को उसके खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पीओ को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

लापरवाही से मौत मामले में एक काबू

रेवाड़ी। थाना बावल पुलिस ने जून माह में हुई एक युवक की मौत के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 4 जून को लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया था। मृतक के परिजनों ने मौत के पीछे सेक्टर-5 निवासी साहिल को जिम्मेदार ठहराया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी ने साहिल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

अनुमति के बिना जोड़ दिए रास्ते मसीत का सरपंच अशोक सस्पेंड

सरपंच नहीं ले सकेगा पंचायत की बैठकों में हिस्सा, बीडीपीओ डहीना को रिकॉर्ड कब्जे में लेने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पंचयती जमीन से दो रास्तों को जोड़कर पद का दुरुपयोग करने के आरोप में डीसी अभिषेक कुमार मीणा ने मसीत के सरपंच अशोक को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार पंचायत का रिकॉर्ड बीडीपीओ डहीना अपने कब्जे में लेंगे। बहुमत वाले पंच को कार्यवाहक सरपंच का कार्यभार सौंपा जाएगा। दूसरी ओर सरपंच अशोक ने इसे राजनीतिक द्वेष के चलते लिया गया फैसला बताते हुए इसे आयुक्त गुरुग्राम को चुनौती देने की बात कही है। डीसी की ओर से जारी किए गए आदेशों के अनुसार मसीत निवासी नंदराम ने गत 25 फरवरी को डीसी को सरपंच के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के रास्ता आर-20 का विस्तार कराया है। रास्ते का निर्माण व विस्तार कराने के लिए पंचायती जमीन का दुरुपयोग किया गया है। सरपंच पर सार्वजनिक देह भूमि पर निजी रैंप बनाकर अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा देने के आरोप भी लगाए गए थे। इसके साथ-साथ रास्ते का मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद रास्ता बनवाने के आरोप भी शामिल हैं। रास्ता नंबर 144 को आर-20 से जोड़ने के लिए सक्षम प्राधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई है। डीसी की ओर से सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद सरपंच की ओर से 8 जुलाई को कारण बताओ नोटिस का जवाब भी दिया गया था, जिसे संतोषजनक नहीं माना गया। डीसी ने सरपंच को 21 जुलाई को निजी सुनवाई का अवसर दिया था।



रेवाड़ी। गांव मसीत में मुख्य मार्ग पर स्थापित बस स्टाप। फोटो : हरिभूमि

बहुमत वाले पंच को दें रिकॉर्ड

डीसी ने बीडीपीओ डहीना को आदेश दिए हैं कि वह सरपंच से पंचायती रिकॉर्ड अपने कब्जे में लें। इसके बाद गांव में बहुमत वाले सरपंच को रिकॉर्ड सौंपा जाए। सरपंच को भविष्य में पंचायत की किसी भी बैठक में हिस्सा नहीं लेने के आदेश दिए गए हैं। इन आदेशों को तुरंत प्रभाव से अमल में लाने के आदेश दिए गए हैं।

राजनीति द्वेष में की शिकायत



मैंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। जिस रास्ते का मामला कोर्ट में चल रहा है, उसका पंचायत से कोई सरोकार नहीं है। राजनीति द्वेष के चलते शिकायतकी गई थी। मैंने अपना जवाब डीसी के समक्ष दायर कर दिया था। अगर सस्पेंशन के आदेश जारी किए गए हैं, तो उसके खिलाफ आयुक्त को अपील की जाएगी।

-अशोक, सरपंच ग्राम पंचायत मसीत।

निजी सुनवाई में सरपंच का तर्क

सरपंच अशोक ने निजी सुनवाई के दौरान तर्क दिया था कि उसने रास्ता नं. 144 पक्का कराया है। आर-20 को न तो रिपेयर किया गया है और न ही नया बनाया गया है। दूसरे आरोप के बारे में सरपंच ने बताया कि न तो कोर्ट में चल रहे मामले में ग्राम पंचायत पार्टी है और न ही उसे ऐसे कोई आदेश मिले हैं, जिनकी अवहेलना की गई हो। डीसी की ओर से सुनवाई के बाद कोसली एसडीएम से टिप्पणी मांगी गई थी।

एसडीएम की टिप्पणी पर फैसला

डीसी की ओर से जारी आदेशों के अनुसार एसडीएम कोसली ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि आर-20 रास्ते को रास्ता नं. 144 से जोड़ने के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गई। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार रास्ते की चौड़ाई 11 फीट होनी चाहिए। डीसी ने आदेशों में साफ किया है कि सरपंच पर लगे आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, इसलिए सरपंच का लगातार पद पर बने रहना जनहित में वांछनीय नहीं है।

आगे चल रहे ट्रक ने मारी ब्रेक, दूसरा पीछे टकराया

ट्रक में लगी आग, चालक सहित दो घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार तड़के दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर रजवाड़ा होटल के पास आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, तो पीछे चल रहा ट्रक उसमें घुस गया। दोनों ट्रकों की भिड़ंत के बाद पीछे चल रहे ट्रक में आग लग गई। आग में झुलसकर चालक सहित दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद हाइवे पर लगभग एक घंटे तक जाम लगा रहा। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जयपुर से दिल्ली की ओर दो ट्रक आगे-पीछे चल रहे थे। सुबह करीब 5 बजे आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, तो पीछे चल रहा ट्रक उसमें घुस गया। हादसे के बाद पीछे चल ट्रक में आग लग गई। ट्रक में चालक और क्लीनर थे, जो आग हादसे में घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस की ईआरवी और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। दोनों घायलों को ट्रक से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जिन्हें ट्रॉमा सेंटर से रोहतक पीजीआई के रेफर कर दिया गया।

अगले ट्रक तक पहुंची आग

आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर बाद आगे खड़े ट्रक तक पहुंच गई। ट्रक के टायर व पिछला हिस्सा आग की चपेट में आकर जल गए। फायर ब्रिगेड ने ट्रक के आगे के हिस्से को बचा लिया। जले हुए ट्रक के चालक और दूसरे व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आगे चलने वाले ट्रक के चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

वाहनों की लगी लंबी लाइन

व्यस्त हाइवे पर ट्रक में लगी आग के बाद वाहनों को घटनास्थल से काफी पहले ही रोक दिया गया। इससे हाइवे पर काफी लंबी लाइन लग गई। वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना पड़ा। आग पर काबू पाने के बाद सड़क से ट्रकों को हटवाकर पुलिस ने यातायात सुचारू कराया। इस दौरान वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शराब ठेकों पर तोड़फोड़ व लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बावल क्षेत्र में शराब के तीन शराब ठेकों पर तोड़फोड़ व लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपी आदतन अपराधी बताए जा रहे हैं। उन्हें कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। गत 7 अक्टूबर को बावल थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि दो गाड़ियों और दो बाइक पर आए 8 से 10 युवकों ने शराब के तीन ठेकों पर सेल्समेन से मारपीट करते हुए हथियार दिखाकर लूटपाट की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की जांच शुरू की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बावल व सीआईए धारूहेड़ा की संयुक्त टीम बनाकर आरोपियों को काबू करने के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने जांच के बाद इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजस्थान के तिजारा के सहमत नगर निवासी लोकेश व रानोली निवासी करण उर्फ डोगा को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। रिमांड पर पूछताछ करने के बाद अन्य आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

ठेकेदार की शिकायत पर केस दर्ज

डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि शराब ठेकों पर लूटपाट के दौरान बदमाश शराब की बोतलें ले गए थे। पुलिस ने इन शराब ठेका ग्रुप के संचालक गांव अलावलपुर निवासी सुरेंद्र के बयान पर केस दर्ज किया था। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर, खुफिया विभाग भी हुआ एक्टिव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष को घर में किया नजरबंद

दिल्ली प्रदर्शन को लेकर पुलिस अलर्ट 6 नाके लगाकर की जा रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीजेपी के दिल्ली प्रदर्शन और कांग्रेस के 'लोकतंत्र बचाओ आंदोलन' को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई। खुफिया विभाग भी सक्रिय हो गया। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी को पुलिस ने दिल्ली जाने से रोकन के लिए घर में ही नजरबंद कर दिया। दूसरी ओर आंदोलनकारियों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए पुलिस ने 6 स्थानों पर नाके लगाए हैं। सोशल मीडिया पर अफवाएं फैलाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साइबर सेल सोशल मीडिया की मानिटरिंग कर रही है। दिल्ली में निषेधाज्ञा लागू होने के बाद प्रदर्शनकारियों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए पुलिस विभाग एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर अलर्ट हो गया। पुलिस ने नाके लगाकर दिल्ली की ओर कूच करने वाले लोगों की निगरानी तेज कर दी। खुफिया विभाग भी पूरी तरह से एक्टिव हो गया। चूंकि बड़ी संख्या में दिल्ली के लिए जाने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, इसलिए बस स्टैंड की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। राजस्थान की ओर से



रेवाड़ी। घर में नजरबंद किए कांग्रेसी नेता सुभाष छावड़ी। फोटो : हरिभूमि

लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया

नजरबंदी के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुभाष छावड़ी ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। यह कैसी आजादी है जहां विपक्ष को शांतिपूर्ण बात रखने का अधिकार भी नहीं है। असहमति की आवाज को दबाने की बजाय सुना जाना चाहिए। पुलिसिया पहरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हौसले नहीं तोड़ सकते। रास्ते रोकने से जनता का संघर्ष और लोकतंत्र बचाने का संकल्प कभी कमजोर नहीं पड़ेगा।

एसपी मीणा ने की लोगों से अपील



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने लोगों से अपील की है कि देश की राजधानी में आंदोलन को देखते हुए वहां निषधाज्ञा लागू की गई है। ऐसे में बिना अति आवश्यक कार्य के लोग दिल्ली की ओर जाने से बचें। सोशल मीडिया पर किसी तरह का भ्रामक प्रचार नहीं करें। ऐसा करने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अगर कोई सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आने वाले लोगों को रोकने के लिए जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर पर भी पुलिस तैनात की गई है।

पत्नी से अलग रह रहे युवक ने फांसी लगाकर जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामपुरा में वीरवार की रात करीब 38 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

रामपुरा निवासी कृष्ण कुमार घरों में रंग-पेंट का कार्य करता था। उसकी पत्नी कुछ समय से उससे अलग रह रही थी। रात को वह अपने कमरे में अकेला था। सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला, तो पड़ोस के लोगों ने उसके कमरे में झांककर देखा। उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद रामपुरा थाना पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष आरक्षित रेलसेवा का संचालन आज

रेवाड़ी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 04251 साबरमती-दिल्ली आरक्षित स्पेशल रेलसेवा 10 अक्टूबर को साबरमती से रात्रि 10:55 बजे रवाना होकर दिल्ली जंक्शन पर 11 अक्टूबर को शाम 5:25 पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में मेहसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़ जंक्शन, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, अलवर जंक्शन, रेवाड़ी, गुरुग्राम व दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 9 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनॉमी, 1 सेकेंड एसी, 2 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 पावरकार सहित कुल 19 डिब्बे होंगे।

कोसली अनाज मंडी में निःशुल्क डेंटल कैंप आज

कोसली। कोसली अनाज मंडी में 10 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दंत जांच शिविर लगाया जाएगा। कोसली मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव ने बताया कि इन दिनों मंडी में बाजरा बेचने के लिए सैकड़ों किसान रोजाना अनाज मंडी में आ रहे हैं। निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर के लगाए जाने से इन किसानों तथा आम नागरिकों को अनुभवी डेंटिस्ट की सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। चेयरमैन महेश यादव ने आम नागरिकों से डेंटल कैंप का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे अनाज मंडी में कैंप शुरू होगा।

खेत में काम करने वाले श्रमिक की संदिग्ध मौत, नग्न अवस्था में प्लॉट में मिला शव

- आरंभिक जांच में उसकी मौत का कारण शराब के नशे में ट्रैक्टर से गिरना बताया गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पीथनवास गांव में खेत में काम करने के लिए रखे यूपी के एक श्रमिक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव नग्नावस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। आरंभिक जांच में उसकी मौत का कारण शराब के नशे में ट्रैक्टर से गिरना बताया गया है, लेकिन वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल सकेगा। गांव के किसान कुलदीप ने मूल रूप से यूपी के रहने वाले लगभग 25 वर्षीय छोटूराम को खेत में काम करने के लिए लगाया हुआ था। शुक्रवार सुबह कसोला पुलिस को सूचना मिली कि कुलदीप के खेत में कार्य करने वाले श्रमिक की मौत हो गई है। शव एक प्लॉट में पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची, तो प्लॉट में शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। मृतक के शरीर पर कपड़े नहीं थे। उसके सिर पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाने के बाद यूपी में रह रहे उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने के बाद शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी

डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई है कि छोटूराम रात को शराब के नशे में था। वह ट्रैक्टर से जुताई करते समय कल्टीवेटर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान नशे में होने के कारण वह गिरकर कल्टीवेटर में फंस गया। उन्होंने बताया कि परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

श्री राम रामलीला क्लब धारूहेड़ा की ओर से श्रद्धा व उत्साह के साथ हुआ रामलीला मंचन का शुभारंभ

पहले दिन कलाकारों ने नारद मोह के प्रसंग का किया मंचन

- रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

श्री राम रामलीला क्लब धारूहेड़ा की ओर से रामलीला मंचन का शुभारंभ श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। मुख्यातिथि धारूहेड़ा नगर पालिका के उप प्रधान अमन राव ने रामलीला का शुभारंभ किया। रामलीला के पहले दिन नारद मोह प्रसंग का सुंदर मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी अभिनय कला के माध्यम से देवर्षि नारद के प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। मंचन में दिखाया गया कि किस प्रकार अहंकार व्यक्ति की बुद्धि को प्रभावित करता है तथा भगवान की लीला मनुष्य को विनम्रता और सदाचार का संदेश देती है। नारद की भूमिका में क्लब के सह निर्देशक डा. अश्विनी शर्मा ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका के उपप्रधान अमन राव ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण अंग है। ऐसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव भी मजबूत होता है। क्लब के प्रधान दलीप सिकरवाल ने कहा कि रामलीला के माध्यम से लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी जाती है। क्लब के निर्देशक रत्न चंद चांगवाल ने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।



रेवाड़ी। रामलीला में नारद मोह का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर मुकेश शर्मा, मिर्चू सोनी, अमित, क्लब के उपाध्यक्ष मुकेश चांगा, सचिव रमेश सिकरवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, लीलाधर सैन, नवल सैनी, सुभाष अग्रवाल, लक्ष्मण प्रजापत, प्रकाश प्रजापत, अरुण सैन, तरुण शौर्या, सुनील यादव, शेरसिंह प्रजापत, राहुल जोशी, टोनी, मोंटी व गौतम सहित अनेक कलाकार व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

परिचालनिक कारणों के कारण 11 रेलसेवाएं आज रहेंगी

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से परिचालनिक कारणों से 11 रेलसेवाओं को रद्द किया जा रहा है। सिरसा से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 15308 सिरसा-तिलकब्रिज रेलसेवा 10 अक्टूबर को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12963 हजरत निजामुद्दीन-उदयपुर सिटी रेलसेवा 10 अक्टूबर को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14738 तिलकब्रिज-भिवानी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 14737 भिवानी-तिलकब्रिज रेलसेवा, गाड़ी 14728 तिलकब्रिज-श्रीगंगानगर रेलसेवा, गाड़ी संख्या 74004 रेवाड़-दिल्ली रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54414 रेवाड़ी-दिल्ली रेलसेवा, गाड़ी 54421 दिल्ली-रेवाड़ी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54424 हिसार-नई दिल्ली रेलसेवा तथा संख्या 54423 नई दिल्ली-हिसार रेलसेवा 10 अक्टूबर को रद्द रहेगी।



दुनियाभर में दृश्यम 3 का दबदबा 350 करोड़ पार हुई कमाई

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके बावजूद यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार शुरुआत की थी। अब फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। इतने दिनों बाद भी फिल्म का जलवा बरकरार है। सातवें दिन फिल्म ने 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 245.50 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, फिल्म का टोटल ग्रॉस कलेक्शन 294.60 करोड़ रुपए हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 383.60 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया है। 'दृश्यम 3' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'हनुमान अंश' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए 2 महीने से भी ज्यादा का समय हो चुका है। शायद यही वजह है कि इसकी कमाई अब काफी घट गई है। फिल्म अब लाखों में कमाई कर रही है।

लाइफ Style

कटरीना

खुद को स्वीकार करने से आता है आत्मविश्वास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कटरीना कैफ ने प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को लेकर निशाना बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि अगर आप लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देते हैं तो क्या नुकसान हो सकता है। अभिनेत्री कटरीना कैफ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया से अपने आपको बचाने के बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है, न कि हर किसी को खुश करने की कोशिश करने से।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे आलोचना पर ज्यादा ध्यान देने से आप जिंदगी में आगे बढ़ने से रुक सकते हैं। यूके में अपने कॉस्मेटिक ब्रांड की पहली सालगिरह के मौके पर हुए एक इवेंट के दौरान, कटरीना ने कहा 'हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर चल रही बातें हमारे आत्म-मूल्य को प्रभावित न करें। वहां बहुत सारी राय होती हैं। अगर आप उन सभी के अनुसार चलने लगते हैं, तो आप खुद फैसले नहीं ले पाएंगे।' अभिनेत्री ने कहा कि दूसरों की बातों पर प्रतिक्रिया देने से व्यक्ति को आगे बढ़ने में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे समय भी होते हैं जब दुनिया आपकी तारीफ करती है, दूसरे समय में आपको वास्तव में खुद का सबसे बड़ा चीयरलीडर बनना पड़ता है।' कटरीना ने जिंदगी के कई चरणों को स्वीकार करने के सलाह दी। उन्होंने माना कि आत्मविश्वास और खुद के बारे में सोच हमेशा एक जैसी नहीं रहती। कई बार लोग खुद को सबसे अच्छा महसूस करते हैं, जबकि दूसरे समय में, उन्हें खुद के बारे में अच्छा महसूस करने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अभिनेत्री ने यह बातें उस मामले के बाद कहीं, जब वह हाल ही में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पति विक्की कौशल के साथ नजर आईं थीं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था।



हॉलीवुड मसाला



मार्वल ने जारी किया नई सीरीज का लोगो

लॉस एंजिल्स। मार्वल ने 'जोडियाक' नाम की एक नई लाइव-एक्शन सीरीज का ऐलान किया है। इसे 2028 में डिज्नी प्लसपर दिखाया जाएगा। इसका प्रोडक्शन 2027 में लंदन में शुरू होना है। कास्टिंग कुछ हफ्तों में शुरू होने की उम्मीद है। मार्वल ने कहानी और कलाकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मार्वल टेलीविजन और मार्वल एनिमेशन के न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन पैनल ने कन्फर्म किया कि 'जोडियाक' एक स्पाई थ्रिलर होगी। मेकर्स ने इसे एक नई ग्लोबल जासूसी सीरीज बताया है। उन्होंने दर्शकों को बताया, 'जो लोग कॉमिक्स के बारे में जानते हैं, अगर वे इस टाइटल डिजाइन को ध्यान से देखें, तो उन्हें कुछ सुराग मिलेंगे कि हम किस दिशा में जा रहे हैं।' मार्वल टेलीविजन के चीफ ब्रैड विंडरबाम बताया कि प्रोडक्शन 2027 में लंदन में होगा।



सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड टॉम के नाम

लॉस एंजिल्स। सबसे ज्यादा फिल्में करने के रिकॉर्ड्स पर आंकड़े कई तरह के हैं। कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ। लेकिन, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और फिल्म फैक्ट्स की मानें तो सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड हॉलीवुड एक्टर टॉम लंदन के नाम है। उन्होंने अपने करियर में कुल 2000 से ज्यादा फिल्में की हैं। इसकी शुरुआत साल 1903 की लघु फिल्म द ग्रेट ट्रेन रॉबरी से हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ वे बी-वेस्टर्न फिल्मों में ज्यादा नजर आए। ये 1930-50 के दशक में ऐसी फिल्में होती थीं, जो कम बजट में बनती थी और छोटी होती थीं। टॉम ने ऐसी कई सारी फिल्में कीं। वहीं, वे सहायक और विलेन की भूमिकाओं में ज्यादा नजर आए। एरिक रॉबर्ट्स की बात करें तो उनका नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर आता है। एरिक ने कई फिल्मों में काम किया है और वे अभी भी सिनेमा की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 1978 में किंग ऑफ द जिप्सीज से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वहीं, इसके बाद से वे बेस्ट ऑफ द बेस्ट, द डार्क नाइट, द स्पेशलिस्ट, स्टार 80, द एक्सपेंडेबल्स, द एंबुलेंस, द परफेक्ट समर और स्टैंड योर ग्राउंड जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।



इश्क, दर्द और एक्शन से भरपूर है गुरमीत-ईशा की फिल्म

मुंबई। गुरमीत चौधरी जल्द ही फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है। फिल्म 'तुम मेरे हो' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ एक्ट्रेस ईशा बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, गुरमीत इस फिल्म के जरिए पहली बार बतौर निर्माता भी अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। दोनों एक्टर्स फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इससे पहले गुरमीत और ईशा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर में रोमांस, इमोशन और एक्शन की झलक देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत में खूबसूरत लव स्टोरी शुरू होती दिखती है, लेकन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है। उसके बाद कई मोड़ देखने को मिलते हैं, जिसमें हार्ट-ब्रेक और एक्शन से भरे सीन्स नजर आते हैं।



सिरकटा के बाद नए भूत से होगा 'विक्की' का सामना!

मुंबई। सितारों के साथ चलने वाली लंबी-चौड़ी टीम को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि, कुछ कलाकार हैं जो अपनी टीम का खर्च निर्माताओं पर नहीं थोपते हैं। उनमें अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। उनके साथ केवल चार लोग ही होते हैं, वह खुद निर्माता भी हैं तो खुद को निर्माता का एक्टर भी मानते हैं। अपनी फ्रेंचाइज फिल्म स्त्री 3 को लेकर राजकुमार ने कहा कि बिल्कुल वह आ रही है। अगले साल शूट शुरू करने की योजना है। कहानी पर काम चल रहा है। ऐसा नहीं है कि लाने के लिए बस फिल्म लेकर आ रहे हैं। राजकुमार राव कहते हैं, मुझे कभी अपनी टीम छोटी करनी ही नहीं पड़ी। मेरे साथ चार लोग ही रहते हैं, जिनमें मेकअप और हेयर के लिए दो लोग, एक असिस्टेंट और एक सिक्योरिटी से होते हैं। पांच साल से यही है। मुझे लगता है कि कलाकार को निर्माता का एक्टर होना चाहिए। किसी चीज को लेकर जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए।

टीवी मसाला



नाना को याद कर भावुक हुए अमिताभ साझा किया केबीसी का वीडियो

नई दिल्ली। नाना पाटेकर के निधन पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने दुख का इजहार किया है। उन्होंने उनके साहस की तारीफ की है। इसके अलावा उन्होंने उनके कामों के बारे में बताया है। अमिताभ ने भारतीय सिनेमा और समाज में उनके बेमिसाल योगदान को याद किया है। अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट शेयर किया है। इसमें उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'स्तब्ध! हर दूरे दिन उनका और हमारा संपर्क मैसेज द्वारा रहता था। आज उनका मैसेज नहीं आया!' इस वीडियो में बोलते हुए, अमिताभ बच्चन ने पाटेकर को एक असाधारण कलाकार, दोस्त, शुभचिंतक और बेहतरीन समाज सेवक बताया, जिन्होंने उन्हें जानने वाले हर व्यक्ति पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा, 'उनकी बेबाकी, सादगी और सच बोलने की हिम्मत उन्हें दूसरों से अलग बनाती थी। कुछ लोग हमारी जिंदगी से चले जाते हैं, मगर उनकी आवाज, समाज सेवा और उन्होंने जो सीख दी, वह हमारे भीतर बनी रहती है।' नाना के साथ बिताए पलों को याद करते हुए, बच्चन ने पाटेकर के समर्पित समाज सेवा कार्यों, खासकर महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित गांवों में किसानों से से जुड़ने और उनकी मदद करने के काम का जिक्र किया। बच्चन ने आगे कहा, 'उनकी बातों ने न केवल हमें प्रभावित किया, बल्कि उन्होंने जो पैसा कमाया, उसे नेक कामों में लगाया, जो समाज सेवा की उनकी झलक है।' नाना पाटेकर हाल ही में फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए केबीसी के सेट पर पहुंचे थे। उनके साथ फिल्म के दूसरे कलाकार भी थे।

ओटीटी पर धमाका करने आ रही नई सीरीज

नई दिल्ली। चार यारों के साथ अब ओटीटी पर मस्ती दोगुनी होने वाली है। हाल ही में एक नई सीरीज की अनाउंसमेंट हुई है, जो कॉमेडी और उथल-पुथल से भरी होगी। इसमें एक्टर और यूट्यूबर पुरव झा भी मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरीज 'चार यार' है। विनय वाइकुल ने सीरीज को डायरेक्ट किया है, जबकि संबित मिश्रा और सौरभ सावंत ने इसे लिखा है। शुक्रवार को सीरीज का ऐलान किया गया है। 'चार यार' का पहला पोस्टर आउट हो गया है। यह 8 एपिसोड की सीरीज 23 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। प्राइम वीडियो पर आ रही 'चार यार' सीरीज में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अय्यूब और प्रयाक मेहता लीड रोल्स में हैं, वहीं सई ताम्हणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज की कहानी चार दोस्तों के इर्द गिर्द घूमती है, जो 2000 के शुरुआती वक्त पर सेट है।



अपनी 'गर्ल गैंग' संग वेकेशन पर निकलीं आलिया, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर खास दोस्तों के साथ एक शानदार वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में आलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी गर्ल-गैंग के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। कहीं वो दोस्तों के साथ कार में हंसते-खिलखिलाते सेल्फी ले रही हैं, तो कहीं किसी खूबसूरत लोकेशन पर रेड ड्रेस में अपना एलिगेंट लुक फ्लॉन्ट करती दिखीं। तस्वीरों में उनकी दोस्तों के साथ खास बॉन्डिंग और वेकेशन वाइब साफतौर पर दिख रही है। तस्वीरों से भी ज्यादा चर्चा आलिया के दिए कैप्शन की हो रही है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जी ले जरा कैप्शन में लिखे इस फ्रेज को देखते ही फैन्स और नेटिजन्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



दोस्तों के साथ 'जी ले जरा'

दरअसल, फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के एक साथ दिखने की खबरें थीं। ऐसे में आलिया का दोस्तों के साथ 'गर्ल्स ट्रिप' की तस्वीरों पर यह कैप्शन देना फैन्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल को बढ़ा रहा है। सोशल मीडिया पर आलिया की ये तस्वीरें आते ही वायरल हो गई हैं और उनके फैन्स कमेंट सेक्शन में उनके लुक और उनकी गर्लगैंग की बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, यहां न तो रणबीर कपूर नजर आए और न ही उनकी बेटी राहा।

कैकेयी और मंथरा की झलक आई सामने, लारा-शीबा के चेहरे पर दिखा दंभ

नई दिल्ली। रामायण के मेकर्स नमित मल्होत्रा ने फिल्म से रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता, और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स से पर्दा उठा दिया है। यह पोस्टर महाकाव्य के दो अहम किरदारों को सामने लाते हुए उन घटनाओं की तरफ इशारा करता है कि कैसे ये भगवान राम का भाग्य हमेशा के लिए बदल देंगी। रामायण के मेकर्स ने फिल्म के दो बेहद अहम किरदारों के दो नए कैरेक्टर पोस्टर्स को रिलीज कर दिया है। बता दें कि यह रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स हैं, जिसमें दर्शक इस महाकाव्य के दो बहुत ही खास किरदारों से रूबरू हो पा रहे हैं। पोस्टर्स ने कहानी के टर्निंग प्वाइंट की ओर इशारा किया है। रानी कैकेयी की दो इच्छाएं जो राजा दशरथ और उनके बेटे भगवान राम के लिए सब कुछ बदल देती हैं, वहीं रानी के इस कदम के पीछे मौजूद मंथरा की बातें होती हैं, जो ऐसी घटनाओं का सिलसिला शुरू करती है, जिससे पूरे राज्य का भविष्य बदल जाता है। यह दोनों नए पोस्टर्स अरुण गोविल के राजा दशरथ के रूप में जारी किए गए पोस्टर के बाद सामने आए हैं।



शानदार पारंपरिक पोशाक

अरुण गोविल जिन्होंने कई पीढ़ियों के दिलों में भगवान राम के रूप में टीवी पर अपनी पहचान बनाई, वह अब अयोध्या के राजा दशरथ के रूप में रामायम की दुनिया के जरिए लौट रहे हैं। पोस्टर में शाही अंदाज में लारा दत्ता के कैकेयी अवतार को पेश किया गया है, जिसमें शानदार पारंपरिक पोशाक और गहनों में वह अयोध्या की रानी के तौर पर नजर आ रही हैं। वहीं, शीबा चड्ढा का मंथरा के किरदार में लुक बेहद अलग है, जिसमें वे अपने हाथों में अपनी कुछ चीजें पकड़ी हुईं नजर आ रही हैं। मेकर्स ने पोस्टर्स को शेयर करते हुए लिखा, 'एक रानी। एक मां। पिता के प्यार को धोखा देने वाली दो इच्छाएं, जो राम के भाग्य को हमेशा के लिए बदल देंगी। एक भरोसेमंद साथी। एक शातिर दिमाग, जिसकी फुसफुसाहट एक मां के प्यार को पूरे राज्य के सबसे काले दौर में बदल देगी।

हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी देखने को मिलेंगी

जिंदगी का सफर थमा, मगर पर्दे पर आने बाकी हैं नाना के पांच किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ने दुनिया से अलविदा कह दिया, लेकिन जाने के बाद भी वह अपने अभिनय का जादू दिखाएंगे। दरअसल, नाना की पांच फिल्में रिलीज होना अभी बाकी है। इन फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी जैसी अलग-अलग कहानियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

शक्ति शालिनी

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में 'शक्ति शालिनी' को उनकी आखिरी बड़ी पर्दे की फिल्म माना जा रहा है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में मैडॉक फिल्म्स और विशाल जेठवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शक्ति नाम की एक आम महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शालिनी नाम की बदला लेने वाली आत्मा की रक्षक बन जाती है। नाना के किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में उनके किरदार को एक तांत्रिक बताया गया है। फिल्म पहले 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज की तारीख में बदलाव हो सकता है।



वेदांता

नाना पाटेकर की पांचवीं आने वाली फिल्म 'वेदांता' है। राजेश्वर पांडे राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में नाना के साथ विक्रांत मैसी, संदीप धर और मुकेश तिवारी भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी, नाना के किरदार और इसकी रिलीज की तारीख के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। उनकी बाकी आने वाली फिल्मों के मुकाबले इस प्रोजेक्ट के बारे में अब तक कम जानकारी सामने आई है।

ईठा

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लोक कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। विठाबाई तमाशा और लावणी जैसी लोक कलाओं से जुड़ी एक प्रसिद्ध कलाकार थीं। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ रणदीप हुड्डा, अनंत जोशी और नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

द कन्फेशन ऑफ मैरी

'द कन्फेशन ऑफ मैरी' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें नाना फादर बेनेडिक्ट नाम के एक कैथोलिक पादरी का किरदार निभा रहे हैं। उन पर एक महिला की हत्या का आरोप लगता है। फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। यह फिल्म केरल में 1966 में हुए मदथारुवी हत्याकांड से प्रेरित है। इस मामले में मरियाकुट्टी नाम की महिला की हत्या हुई थी और एक पादरी पर आरोप लगे थे। फिल्म में नाना पाटेकर के अलावा आदिल हुसैन, आशीष विद्यार्थी, गौतम रोड़े और नेहा महाजन समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया था। फिल्म के सह-निर्माता सुभाष काले ने यह भी बताया था कि नाना ने अपनी मौत से कुछ समय पहले एक लाइन की डबिंग करने के लिए मुंबई लौटने वाले थे।

कुकू की कुंडली

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में रोमांटिक कॉमेडी 'कुकू की कुंडली' भी शामिल है। शरण शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भुवन बाम और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। नाना पाटेकर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक ऐसे रिश्ते पर आधारित है, जिसमें कुंडली की वजह से परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। कुंडली को लेकर पैदा हुए मतभेदों का असर कपल और उनके परिवारों पर पड़ता है।

खबर संक्षेप

स्वरोजगार को 2 लाख तक ऋण आवेदन मांगे

नारनौल। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत ऋण आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की परिवार पहचान पत्र के अनुसार वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख रुपये तक, आयु 18 से 45 वर्ष तथा हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आवेदक किसी बैंक, सरकारी वित्तीय संस्था अथवा निगम का पूर्व से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार ने जानकारी दी।

12 अक्टूबर को दिल्ली में जाएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

मंडी अटेली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता एवं सिहमा ब्लॉक के नवयुक्त अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन दिलीप सिंह ने शुक्रवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि वोट चोरी और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस की ओर से दिल्ली में किए जा रहे प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अटेली विधानसभा क्षेत्र और सिहमा ब्लॉक से हजारों कार्यकर्ता 12 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचेंगे। महेंद्र सिंह राता एवं दिलीप सिंह ने बताया कि पार्टी के अखिल भारतीय कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के आह्वान पर हजारों कार्यकर्ता प्रदर्शन में भाग लेंगे।

संगठनों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

नारनौल। सरकार द्वारा प्रदेश में तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन' को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। जिले में तिलहन फसल क्लस्टरों के सुचारू संचालन एवं प्रबंधन के लिए वैल्यू चेन पार्टनर्स के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले के पात्र (किसान उत्पादक संगठनों) सहकारी समितियों और सार्वजनिक व निजी कंपनियां 12 तक आवेदन कर सकती हैं। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक कृषि नेहा ने बताया कि पंजीकरण के लिए आवेदक संस्था का कंपनी अधिनियम या सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

एडीसी ने अनाज मंडी का किया दौरा, खरीद प्रक्रिया देखी

मंडी में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो

किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनी व अधिकारियों को निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध तरीके से खरीद करने तथा उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अनाजमंडी में बायोमेट्रिक सिस्टम का निरीक्षण करते एडीसी।

अनाजमंडी में बाजरे की भारी आवक हो रही है। व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन की ओर से गांवों की रोस्टर प्रणाली लागू की गई है। अनाजमंडी में अभी तक करीब 1.25 लाख क्विंटल से अधिक बाजरे की आवक हो चुकी है। एडीसी राहुल मोदी ने शुक्रवार को अनाज मंडी का दौरा कर बाजरा खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध तरीके से खरीद करने तथा उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। एडीसी मोदी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों की फसल की समय पर खरीद, उठान और भुगतान हो, इसी लक्ष्य को लेकर सभी संबंधित एजेंसियों के अधिकारी कार्य करें। सरकार की ओर से निर्धारित मानकों के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाए। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं चौक चौबंद हों। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीसी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की



एडीसी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मंडी में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और अटल कैन्टीन सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया की लगातार निगरानी रखें और संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

एम्स संघर्ष समिति संस्थापक को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। समिति के संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सदस्य।

एम्स संघर्ष समिति मनेठी की ओर से शुक्रवार को समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्योताज सिंह की दूसरी बरसी पर कुंड में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता एम्स संघर्ष समिति के अध्यक्ष बाबू कैलाश चंद ने की तथा संचालन सचिव ओमप्रकाश सैन ने किया। समिति के सदस्यों ने सभा में प्रस्ताव रखा कि राष्ट्रीय स्तर की इकोलॉजी एवं एनवायरमेंटल संस्थान, स्पोर्ट्स विवि एवं संघर्ष के प्रतीक के रूप में स्मारक स्थल बनाने के लिए विचार किया जाए। इस मौके पर संजय यादव बिग्रेडियर, कर्नल राजेंद्र सिंह, अभय सिंह गुणवाल, विपिन यादव, बी डी यादव, डा. एच डी यादव, दयाराम आर्य, रामनिवास, मास्टर लक्ष्मण सिंह, अमर सिंह राजपुरा, मूलचंद आर्य, जितेंद्र सिंह पूर्व मुख्याध्यापक, रामकुमार निमोठ, लाल सिंह, आजाद सिंह नान्दा, जगदीश शर्मा, नरेंद्र यादव प्राचार्य, रिटायर्ड डीईओ धर्मबीर बल्डोदिया, सूबेदार दिलबाग सिंह, अजय सिंह एडवोकेट, पूर्व सरपंच घनश्याम, कृष्ण कुमार, मोनू, देशराज, वीरेंद्र, सुरेश पूर्व सरपंच, कंवर सिंह आर्य, राजबीर, ईश्वर सैन, रामेश्वर, मोहिंदर, सत्यप्रकाश गोयल, महाबीर पंच व प्रकाश नंबरदार ने अपने विचार रखे। समिति अध्यक्ष कैलाश चंद ने कहा कि श्योताज की याद को चिरस्थाई बनाए रखेंगे।

यह रहे मौजूद: इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर इकोलॉजी, एनवायरमेंटल संस्थान, स्पोर्ट्स विश्विद्यालय व संघर्ष स्थल को लेकर सभी नागरिकों ने सर्वसम्मति से पारित किया। बाबू कैलाश चंद ने कहा कि प्रस्तावों को लेकर राज्य एवं केंद्र सरकार व स्थानीय जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

महिला समर्थ संस्थान पुरस्कार के लिए 15 तक करें आवेदन

रेवाड़ी। महिला एंव बाल विकास विभाग हरियाणा पंचकुला की ओर से महिला समर्थ सस्थान पुरस्कार योजना वित वर्ष 2026-27 आरंभ की जा रही है। योजना का उदेश्य हरियाणा राज्य में महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक, बराबर और सहायक कार्यस्थल वातावरण बनाने में बेहतरीन दिखाने वाले संस्थान को पहचानना और बढ़ावा देना है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि कोई भी संस्था महिला समर्थ संस्थान पुस्कार के लिए आवेदन करना चाहते है तो वो संस्थान विभाग के पोर्टल में आवेदन कर सकते है। इसके अलावा सुषमा स्वराज अवॉर्ड, इंदिरा गांधी महिला शक्ति अवार्ड, कल्पना चावला शौर्या अवॉर्ड, बहन शन्नो देवी पंचायती राज अवॉर्ड और लाइफटाइम अचीवर्स अवॉर्ड भी विभाग की ओर से दिया जाना है।

इंटर कॉलेज खो-खो में खरखड़ा कॉलेज विजेता व यदुवंशी उपविजेता



रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला यदुवंशी डिग्री कॉलेज नारनौल और राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक और कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अंतिम क्षणों तक चले इस संघर्षपूर्ण मैच में राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा की टीम ने मात्र एक अंक के अंतर से जीत हासिल कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि यदुवंशी डिग्री कॉलेज नारनौल की टीम उपविजेता रही। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने टीम को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नवीन अदलखा ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि फाइनल तक पहुंचकर उपविजेता बनना खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और खेल कौशल का प्रमाण है। कॉलेज की निदेशिका सुरेश यादव, डा. प्रदीप यादव व डा. सोनल यादव सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी टीम के प्रदर्शन की सराहना की।

आईजीयू के प्रोफेसर स्टैनफोर्ड की सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

प्रो. सुनील और प्रो. पंकज को बधाई दी





कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने कहा कि दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठ संकाय सदस्यों का स्थान पाना हमारी शैक्षणिक और वैज्ञानिक गुणवत्ता का प्रमाण है। दोनों प्राध्यापकों की यह अंतरराष्ट्रीय सफलता विश्वविद्यालय के गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों और कर्मचारियों ने प्रो. सुनील कुमार और प्रो. पंकज कुमार त्यागी को इस उपलब्धि और सम्मान के लिए बधाई दी।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सुनील कुमार अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले, डीन एवं अध्यक्ष, फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग और प्रो. पंकज कुमार त्यागी जीव प्राणी विभागाध्यक्ष एवं डीन फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए तथा एल्सेवियर की ओर से वर्ष 2026 की दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित वैश्विक सूची में शामिल किया गया है। प्रोफेसर सुनील कुमार को चौथी बार यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी वर्तमान में निदेशक अनुसंधान एवं विकास एवं नेक कोऑर्डिनेटर का पदभार भी संभाल रहे हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने दोनों प्रोफेसरों को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय और संपूर्ण प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व की बात है। प्रो. सुनील कुमार और प्रो. पंकज कुमार त्यागी का उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कर रहा है। प्रमुख वैश्विक शोध पत्रिकाओं में हमारे शिक्षकों द्वारा प्राप्त यह स्थान विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और अनुसंधान के उच्च मानकों को दर्शाता है। विवि के शोधार्थियों और अन्य शिक्षकों को उच्च स्तरीय वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए निरंतर प्रेरित करेंगी।

शक्ति का अद्भुत संतुलन सिखाते भगवान परशुराम के आदर्श

- वैदिक मंत्रोच्चार व पुष्पवर्षा से संतों का अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान परशुराम शिक्षा समिति बूढ़पुर परिसर में संत-महापुरुषों के आगमन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष सूयार्नंद सरस्वती महाराज, अखिल भारतीय संत समिति के सदस्य एवं इगरा धाम जींद के पीठाधीश रामानंद महाराज तथा ब्रह्मचारी महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ। संस्था के पदाधिकारियों व नागरिकों ने वैदिक मंत्रोच्चार और पुष्पवर्षा के साथ संतों का अभिनंदन किया। इस मौके पर संतों ने धर्म, संस्कार और शिक्षा के समन्वय पर बल दिया।



रेवाड़ी। संतों का अभिनंदन करते हुए समिति के सदस्य।

संतों ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श समाज को ज्ञान और शक्ति का अद्भुत संतुलन सिखाते हैं। शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी में सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों की नींव मजबूत होती है। ब्रह्मचारी महाराज ने कहा परशुराम शिक्षा समिति का यह प्रांगण केवल ज्ञान बांटने का केंद्र न बनकर, भावी पीढ़ी को चरित्रवान और राष्ट्रभक्त बनाने की दिव्य प्रयोगशाला बनेगा। समिति के अध्यक्ष सत्य प्रकाश गौतम ने कहा कि संतों का पदार्पण संस्था के लिए परम सौभाग्य और गौरव का विषय है।

यह रहे मौजूद

डा. लक्ष्मी नारायण कौशिक प्राचार्य करनावास ने कहा कि विद्या वही है, जो चरित्र का निर्माण करे। आज के आधुनिक युग में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक व सांस्कृतिक चेतना सेजोड़ना अनिवार्य है। समिति के महासचिव एडवोकेट अजय शर्मा ने सभी संतों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संतों का मार्गदर्शन संस्था के सेवा और शैक्षणिक संकल्पों को नई दिशा व ऊर्जा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में दिलीप पटवारी उप-प्रधान, लक्ष्मी नारायण शर्मा प्रांत अध्यक्ष हिमालय परिवार हरियाणा, रोहित कौशिक एडवोकेट, सावलराम यादव व तेजभान कुकरेजा उपस्थित रहे।

चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव बोड़िया कमालपुर के मकान में की थी वारदात



पुलिस गिरफ्त में आरोपी कृष्ण।

सदर थाना पुलिस ने गांव बोड़यिा कमालपुर के एक मकान से जेवरात व नकदी चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान परशुराम कॉलोनी निवासी कृष्ण के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 16 अगस्त को गांव बोड़यिा कमालपुर निवासी रजनी ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने तथा उसके पति ने गत 10 अगस्त को अपने गहने व नकदी अपनी अलमारी में रखे थे। 11 अगस्त को उसका देवर उनके घर पर आया था जो शाम को वापस चला गया। उसके बाद 13 अगस्त जब अलमारी में देखा तो गहने व नकदी नहीं मिले। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी गांव बोड़यिा कमालपुर निवासी तेजपाल उर्फ बोणा उर्फ कालिया व मोहल्ला भजन का बाग निवासी हिमांशु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी तेजपाल उर्फ बोणा ने बताया कि उसने चोरी किए गए जेवरात मोहल्ला भजन का बाग निवासी हिमांशु व परशुराम कॉलोनी निवासी कृष्ण को बेचे थे। पुलिस ने आरोपी हिमांशु के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात में से एक सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी व दो जोड़ी टॉपस बरामद किए थे। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त कृष्ण को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी कृष्ण के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात में से एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की चुटकी व दो चांदी के सिक्के बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



मृत्यु, दिव्यांगता और चोट व कुत्ते के काटने के 43 मामले, राहत के लिए जिम्मेदार एजेंसियों की तय होगी जवाबदेही

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार दयालु-II योजना के तहत पीड़ित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त अनुपमा अंजली ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में बैठक की। बैठक में योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। बैठक में योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में मृत्यु, दिव्यांगता तथा चोट व कुत्ते के काटने के कुल 43 मामले पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित और दोबारा खोले गए मामलों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना कठिन समय में पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए है। ऐसे में इसमें किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न की जाए। आवेदकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सत्यापन व दस्तावेजी कार्रवाई समय पर पूरी की जाए। बैठक में समिति ने कुत्ते के काटने के पांच मामलों में पीड़ितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि पर विचार किया।

शिकायतों का निपटारा समय पर करें

- समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। समाधान शिविर समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल की राज्य स्तरीय बैठक में समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। डीसी अभिषेक मीणा भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से जुड़े।

वीसी उपरांत डीसी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। सभी अधिकारी शिकायतों का निर्धारित समय में निपटारा करते हुए उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट भी पोर्टल पर सही तरीके से अपलोड करें। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत ओवरड्यू नहीं होनी चाहिए।

डीसी ने बताया कि समाधान प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य विभागीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना है। ऐसे में सभी अधिकारी प्रत्येक मामले की गंभीरता से समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन एवं विभिन्न हितधारकों से संबंधित शिकायतों और समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया जाए।

बैठक में एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम दलबीर सिंह, सीटीएम जितेंद्र कुमार और डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



देश का भविष्य युवाओं की सही दिशा पर निर्भर

नारनौल। राजकीय महाविद्यालय के सरस्वती हाल में पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने युवा राष्ट्र की नींव विषय पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने उनका स्वागत किया। मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि देश और समाज का भविष्य युवाओं की सही दिशा और दशा पर निर्भर करता है। युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है और उचित मार्गदर्शन से देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। विद्यार्थियों को निरंतर कड़ी मेहनत और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह समय दोबारा लौटकर कभी वापस नहीं आता है। इसलिए विद्यार्थियों को इस दौर का सदुपयोग करना चाहिए। यादव ने विद्यार्थियों को विवेकानंद, सुभाष चन्द्र बोस, लालबहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेई, एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महापुरुषों के जीवन के उदाहरण दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार के स्टाफ सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। अंत में काउंसिल मैंबर प्रोफेसर डॉ चंद्रमोहन ने मुख्य अतिथि डॉ. अभय सिंह यादव का धन्यवाद किया।

परिजनों ने अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद कर उनका श्राद्ध कर्म किया

आज सर्वपितृ अमावस्या के साथ संपन्न होंगे पितृ पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सर्वपितृ अमावस्या के साथ शनिवार को पितृ पक्ष संपन्न हो जाएंगे। पितृपक्ष यानी श्राद्ध का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। इस दौरान परिजनों ने अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद कर उनका श्राद्ध कर्म किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सर्वपितृ अमावस्या के दिन सभी ज्ञात और अज्ञात पितरों का श्राद्ध, पिंडदान और तर्पण करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन कुछ विशेष उपाय करने से पितृ प्रसन्न होते हैं और जीवन से पितृ दोष का प्रभाव भी कम होता है। वहीं शुक्रवार को चतुर्दशी श्राद्ध मनाई गई। दैनिक कार्यों से निवृत होकर परिजनों ने अपने पूर्वजों का श्राद्ध किया। भगवान विष्णु व यमदेव की पूजा-अर्चना भी की। परिजनों ने ब्राह्मणों को भोजन कराकर दानादि भी किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चतुर्दशी के श्राद्ध का विशेष महत्व है। चतुर्दशी तिथि के दिन केवल ऐसे मृतकों का श्राद्ध किया गया, जिनकी या तो अकाल मृत्यु हुई हो या फिर चतुर्दशी तिथि के दिन उनका देहांत हुआ हो। जिन लोगों की स्वाभाविक मृत्यु हुई है उन लोगों का श्राद्ध इस दिन वर्जित माना जाता है। केवल अकाल मृत्यु वालों का श्राद्ध चतुर्दशी को किया गया। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि इस दिन उन लोगों के श्राद्ध करने की परंपरा है जिनकी अकाल मृत्यु होती है। जैसे जिन लोगों की मृत्यु किसी दुर्घटना में या किसी हादसे में होती है, या फिर किसी जानवर या सांप के काटने से मरने वालों का श्राद्ध इसी दिन होता है। इस चतुर्दशी को घायल चतुर्दशी कहते हैं। इसके अलावा किसी भी महीने की चतुर्दशी तिथि में जिनकी मृत्यु होती है उनका श्राद्ध इसी दिन किया जा सकता है। सर्व पितृ अमावस्या का महत्व ज्योतिषाचार्य का कहना है कि पितृ पक्ष के इस अंतिम दिन उन सभी के पितरों का श्राद्ध किया जा सकता है, जिनकी मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती। इस दिन विधि-विधान से तर्पण करने से पितृगण तृप्त होकर परिजनों को सुख-समृद्धि और आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

पितरों को प्रसन्न करने के प्रमुख उपाय

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि पीपल के पेड़ में पितरों का वास माना गया है। ऐसे में पीपल को जल अर्पित कर घी का दीपक प्रज्वलित करें। किसी ब्राह्मण को भोजन के लिए आमंत्रित करें। पवित्र नदी के जल में काले तिल मिलाकर तर्पण करने से पितृगण प्रसन्न होते हैं। पितरों का स्मरण करते हुए गाय को हरा चारा खिलाएं, जिससे पितृ तृप्त होते हैं। चावल के आटे से 5 पिंड बनाएं और इन्हें लाल कपड़े में लपेटकर नदी में प्रवाहित करें। गाय के गोबर से बने कंडे को जलाकर उस पर घी और गुड़ की धूप दें तथा पितृ देवताभ्यो अर्पणमस्तु बोलें। कच्चा दूध, जौ, तिल और चावल मिलाकर सूर्योदय के समय नदी में प्रवाहित करना बेहद शुभ माना जाता है।

विधि-विधान से करें पूजा-अर्चना

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार सूर्यास्त से पहले एक स्टील के लोटे में दूध, पानी, काले व सफेद तिल और जौ मिला लें। इसके साथ कोई भी सफेद मिठाई, एक नारियल, कुछ सिक्के और एक जनेऊ लेकर पीपल के पेड़ के नीचे जाएं। सारा सामान पीपल की जड़ में अर्पित करें और सर्व पितृ देवभ्यो नमः का जप करते रहें। यह मंत्र बोलते हुए पीपल को जनेऊ भी अर्पित करें। इस पूरी विधि के पश्चात मन में सात बार ओउम नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करें और भगवान विष्णु से प्रार्थना करें कि आपके जो भी अतृप्त पितृ हों, वे तृप्त हो जाएं। इस विशेष उपाय को करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है तथा सभी प्रकार की आर्थिक और मानसिक समस्याएं दूर होती हैं।

20 संस्थानों के भवन निर्माण व सुधार पर खर्च की जा रही 27.35 करोड़ से अधिक की राशि

दो साल में बदली स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर, अस्पतालों में बढ़ीं जांच

500 एमए एक्स-रे मशीन और हेल्थ एटीएम जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सर शादीलाल नागरिक अस्पताल। फोटो : हरिभूमि

पिछले दो वर्षों में रेवाड़ी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में धीरे-धीरे बदलाव नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उद्देश्य है कि इलाज के लिए आम आदमी को दूर न जाना पड़े और सरकारी स्वास्थ्य संस्थान उसके भरोसे का केंद्र बनें।

स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक बेहतर बनाने के लिए जिले के 20 स्वास्थ्य संस्थानों में नए भवनों के निर्माण एवं अन्य कार्यों के लिए करीब 27.35 करोड़ की राशि से काम चल रहा है, जिसमें जिला नागरिक अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरपुर में विशेष मरम्मत के कार्य पूरे हो चुके हैं। वहीं कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों के नए भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण काम हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए लैप्रोस्कोपिक सर्जरी सेट, नियोनेटल वेंटिलेटर, दो बबल सी-पैप मशीन, कलर डॉप्लर अल्ट्रासाउंड मशीन, लिक्विड बेस्ड साइटोलॉजी मशीन, 500 एमए एक्स-रे मशीन और हेल्थ एटीएम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

इन उपकरणों का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि गंभीर मरीजों, नवजात शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और विभिन्न बीमारियों की जांच कराने वाले मरीजों को अब बेहतर चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में जिले की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था आगे बढ़ रही है।

आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अपने क्षेत्र के नजदीक उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी

पीएचसी धारूहेड़ा सीएचसी अपग्रेड

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण कदमों में पीएचसी धारूहेड़ा को सीएचसी में अपग्रेड करना शामिल है। धारूहेड़ा क्षेत्र में लगातार बढ़ती आबादी और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती जरूरत को देखते हुए यह कदम स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। इससे आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अपने क्षेत्र के नजदीक उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

संस्थानों में चल रहे निर्माण कार्य

रेवाड़ी डीसीएच में विशेष मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है। मीरपुर सीएचसी में भी विशेष मरम्मत का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं आकेड़ा पीएचसी, मसानी पीएचसी, संगवाड़ी पीएचसी, बीकानेर एसएचसी, बुढ़पुर एसएचसी, छिल्लर एसएचसी, खड़गवास एसएचसी, खलीलपुर एसएचसी, खटावली एसएचसी, फिदेड़ी एसएचसी, अलावलपुर एसएचसी, गोकलगढ़ एसएचसी, जैतपुर एसएचसी, जाट सयरवास एसएचसी, सहबाजपुर खालसा एसएचसी, काकोड़िया एसएचसी, कापड़ीवास एसएचसी और तुर्कियावास एसएचसी सहित अनेक स्वास्थ्य संस्थानों में नए भवनों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है।

भरोसे का मजबूत आधार बनें अस्पताल

पिछले दो वर्षों में बुनियादी ढांचे से लेकर आधुनिक चिकित्सा उपकरणों तक किए गए कार्यों से स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिली है। सरकारी अस्पताल केवल इलाज के केंद्र न रहें, बल्कि आम आदमी के भरोसे का मजबूत आधार बनें। जिले में हो रहे ये कार्य इसी सोच को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

- आरती राव, स्वास्थ्य मंत्री।



रेवाड़ी। शिविर में एचबी की जांच कराते हुए प्राचार्या तथा मौजूद शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

अच्छा मानसिक स्वास्थ्य पढ़ाई के साथ आत्मविश्वास व सर्वांगीण विकास की नींव

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में 625 छात्राओं व शिक्षकों की एचबी जांच

शिविर में 308 छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यक्रम के तीसरे दिन हीमोग्लोबिन जांच शिविर और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान नागरिक अस्पताल से मनोचिकित्सक डा. प्रीति बिसला ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों और कठिन परिस्थितियों का सामना करने तथा उनसे उबरने में मदद करता है। उन्होंने मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए सकारात्मक सोच अपनाने, तनाव को समझने और आवश्यकता पड़ने पर उचित परामर्श लेने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

प्राचार्या ने कहा कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य छात्राओं की पढ़ाई, आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हीमोग्लोबिन जांच शिविर में 625 छात्राओं एवं शिक्षकों की जांच की गई। वहीं, बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) जांच शिविर में 308 छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर के माध्यम से छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मंच संचालन डा. सुचेता कौशिक ने किया। जांच शिविर में नागरिक अस्पताल से एआरएसएच काउंसलर रवीना व आरबीएसके मैनेजर मीनाक्षी सहित आठ सदस्यीय टीम ने सहयोग दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय से डा. यशपाल, डा. ऋतु चौधरी, डा. सुनीता, डा. रजनी, डा. जयश्री व दीपक सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय में 14 अक्टूबर तक चल रहे सात दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना है।



100 मीटर की दौड़ में तेजस व 200 में कार्तिक बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कृष्णनगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 4 से 11 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों एवं लड़कियों की दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। इस अवसर पर रेवाड़ी व नूह के डीईओ राजेन्द्र शर्मा व डिप्टी डीईओ राजेन्द्र यादव मौजूद रहे। प्रतियोगिता के अंतर्गत 11 वर्ष से कम आयु वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में एपेक्स स्कूल के छात्र तेजस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में एसकेजी स्कूल भाकली के कार्तिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में युवराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शार्टपुट में न्यू होराइजन स्कूल लिलोढ़ के श्रेयांस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में एसकेजी स्कूल के छात्र कार्तिक ने प्रथम प्राप्त किया।

खो-खो में एनआरपी स्कूल बास प्रथम स्थान पर रहा। कबड्डी में विवेकानन्द स्कूल कुंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में डीआरएस स्कूल धरचाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुकर्म सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए सफल आयोजन के लिए डीपीई व पीटीआई स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

सेवा सेतु कैंप में दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

बावल। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पालिका बावल में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। नोडल अधिकारी एवं एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि कैंपों के माध्यम से पात्र परिवारों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी, पात्रता संबंधी मार्गदर्शन और आवेदन की सुविधा मिल रही है। एडीसी ने बताया कि शिविर के दौरान नागरिकों को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, स्वरोजगार, कौशल विकास, ऋण सुविधा सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

सक्षम युवा योजना से करियर को मिली नई दिशा आर्थिक सहायता से आया जीवन में बदलाव

- जिले में सक्षम युवा योजना के तहत 1458 युवाओं ने पंजीकरण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जब जरूरतमंद युवाओं तक पहुंचती हैं तो उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। हरियाणा सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ग तक जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरी पहुंचाया जा रहा है। इन्हीं योजनाओं में सक्षम युवा योजना जरूरतमंद युवाओं के लिए एक मजबूत आर्थिक सहारा साबित हो रही है। योजना के माध्यम से मिलने वाली वित्तीय सहायता से युवा बिना किसी आर्थिक तंगी के अपनी आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी दिनेश तंवर ने बताया कि जिले में सक्षम युवा योजना के तहत 1458 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि जिले के युवा सक्षम योजना का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा दे रहे हैं।

नियमित वित्तीय सहायता से मिल रहा लाभ

योगेश ने बताया कि सक्षम योजना के तहत नियमित वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही है। इससे एसएससी की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने और अध्ययन सामग्री जुटाने में बहुत सहायता मिल रही है। गांव जाटूसाना निवासी अजय ने बताया कि सक्षम योजना के तहत 2000 की वित्तीय सहायता राशि मिल रही है। इस राशि से उससे अपनी पढ़ाई जारी रखने और परीक्षा की तैयारी में बड़ी मदद मिली है। वहीं जाटूसाना निवासी पुनीत ने बताया कि सक्षम योजना के तहत मिल रहे भत्ते की मदद से अपनी उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को सुचारू रूप से आगे बढ़ा रहे हैं। गांव बेरली कलां निवासी नीरज ने बताया कि योजना के माध्यम से मिल रहे आर्थिक सहयोग का उपयोग अपनी पढ़ाई व परीक्षा से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में कर रहे हैं।



पेंशनर्स ने की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी और पेंशन अपडेशन सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन यूनिट की बैठक का आयोजन पीएनबी अग्रणी बैंक कार्यालय अनाज मंडी में जीत सिंह टाईगर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक की शुरूआत नारायण सिंह तंवर जिला सचिव ने की। इस मौके पर अनेक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

एसोसिएशन जिला यूनिट के नए बने सदस्य शीशराम का स्वागत किया गया। इसके बाद 70 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त कर चुके वरिष्ठ सदस्य कैलाश चंद, एचएस तोबड़िया, कवर सिंह, जय सिंह, मदन लाल खिंची, कर्मवीर यादव, सुशीला यादव तथा सजना देवी का शॉल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। साथ ही 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सदस्यों में लाल सिंह, पतराम यादव तथा ओम प्रकाश को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी व पेंशन अपडेशन सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में आरसी यादव स्टेट प्रेजिडेंट, एसपी यादव सर्कल प्रेजिडेंट, अरूण गुप्ता सर्कल सेक्रेटरी, एनसी राजोरा, सुभाष चंद व सतीश बठला ने विभिन्न मुद्दों पर अपने-अपने विचार रखे। जिला अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

आज की बेटियां हुनर, विचार और नवाचार से नए अवसर पैदा करने वाली शक्तिः डा. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



सेक्टर-18 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में सेवा सेतु संकलप अभियान के तहत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलैंज विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां केवल अपने भविष्य की नौकरी तलाशने वाली नहीं है, बल्कि अपने हुनर, विचार और नवाचार के माध्यम से नए अवसर पैदा करने वाली शक्ति भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। कार्यशाला में स्टार्टअप, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई के साथ नवाचार, स्वरोजगार और उद्यमिता की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी गई। केंद्र एवं हरियाणा सरकार की ओर से युवाओं को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सहायता, प्रशिक्षण, ऋण एवं प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री पंडित हिमांशु पालीवाल, स्वाति, दीपा भारद्वाज, एमएसएमई से करण और सरदार सिंह सहित स्टाफ सदस्य और छात्राएं उपस्थित रही।

भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सेवा, समर्पण और संगठन की भावना से कार्य करना आवश्यक



रेवाड़ी। शुक्रवार को बिठवाना में शक्ति केंद्र प्रमुख कैलाशचंद जांगिड़ के आह्वान पर संकल्प सेवा अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। शक्ति केंद्र प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत 2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक और कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देगा। इस अवसर पर अशोक कुमार, वीरेंद्र सिंह, रामवीर, जिले सिंह, शिवदयाल, गजराज, देशराज, ग्राम दत्त, ईश्वर सिंह, विजय सिंह व कालूराम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों पर चर्चा की गई तथा बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, विषयवार उपलब्धियों एवं सुधार की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। सभा का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना रहा। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की अध्ययन संबंधी आदतों, नियमित अभ्यास, अनुशासन, समय-प्रबंधन, गृहकार्य की नियमितता एवं कक्षा में सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। साथ ही विद्यार्थियों की व्यक्तिगत क्षमताओं को पहचानने, उनकी जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मार्गदर्शन प्रदान करने पर भी बल दिया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने, घर पर अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने तथा उनकी रुचियों, प्रतिभाओं और नैतिक मूल्यों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि जब शिक्षक का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग एक साथ मिलता है, तब विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, सकारात्मक सोच एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई दिशा मिलती है।

विशेष शिविर में अब तक 552 लंबित मामलों की सुनवाई

रेवाड़ी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मिले नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण के लिए 9 अक्टूबर तक मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे है। डीसी ने बताया कि जिले में कुल 112911 नोटिस जनरेट किए गए हैं, जिनमें से 5910 सुनवाई मामले लंबित हैं। कुल लंबित मामलों का प्रतिशत 5.23 प्रतिशत है। डीसी ने बताया कि जिले में लगाए गए विशेष शिविर में 552 लंबित मामलों की सुनवाई की जा चुकी है। डीसी मीणा ने बताया कि जिले में लंबित सुनवाई मामलों के शीघ्र निस्तारण, प्रभावी मॉनिटरिंग व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोटिस की सुनवाई समय पर समाप्त करने के लिए जिला में ऐसे मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित कर व घर-घर सर्वे के दौरान दस्तावेज प्राप्त किए जा रहे है, जहां पर नोटिस प्राप्त होने पर अभी तक संबंधित मतदाताओं की ओर से आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं कराए गए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द और कुछ को देरी से चलाया जाएगा

आरयूबी निर्माण के चलते 14 अक्टूबर को बाधित रहेगा बीकानेर रेल मार्ग

- यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के लोहारू-राजगढ़ रेलखंड पर समपार फाटक संख्या 124 पर आरयूबी निर्माण कार्य के चलते 14 अक्टूबर को रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इसके कारण कुछ रेलगाड़ियां रद्द रहेंगी, जबकि कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करने के साथ कुछ रेलगाड़ियों को देरी से चलाया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार निर्माण कार्य के चलते यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

देरी से चलेगी दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा

गाड़ी संख्या 22472 दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा 14 अक्टूबर को दिल्ली सराय से अपने निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से रवाना होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 54703 बठिंडा-जयपुर रेलसेवा 14 अक्टूबर को बठिंडा से रवाना होने के बाद मार्ग में 30 मिनट रेगुलेट रहेगी।

बीकानेर मार्ग पर यह रेलगाड़ियां रहेंगी रद्द

गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 14 अक्टूबर को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 14 अक्टूबर को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54803 सीकर-रेवाड़ी रेलसेवा 14 अक्टूबर को सीकर से रवाना होकर लोहारू तक संचालित होगी। इस कारण लोहारू-रेवाड़ी के बीच यह रेलसेवा आंशिक रूप से रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर रेलसेवा 14 अक्टूबर को रेवाड़ी के स्थान पर लोहारू से संचालित होगी। इस कारण रेवाड़ी-लोहारू के बीच यह रेलसेवा आंशिक रूप से रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14709 हनुमानगढ़-जयपुर 14 अक्टूबर को हनुमानगढ़ से रवाना होकर सादुलपुर-चूरू-सीकर मार्ग से संचालित होगी।

तीन कॉलोनियों को नियमित करने की मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया

कोसली के विधायक अनिल यादव ने कोसली शहर में तीन कॉलोनियों को नियमित किए जाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है। विधायक अनिल यादव शुक्रवार को जाटूसाना बीडीपीओ कार्यालय में आम जन की समस्याओं को सुन रहे थे।

उन्होंने बताया कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने कोसली में पेट्रोल पंप कॉलोनी, भाकली-2 के आरओबी के आसपास बसी कॉलोनी और नठेड़ा रोड़ पर हैप्पी स्कूल के समीप बसी कॉलोनी को नियमित कर दिया है। इस संदर्भ में एसीएस, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। कोसली शहर के आसपास बसी अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए पिछले दस-बारह सालों से लोगों की पुरजोर मांग चली आ रही थी। इन कॉलोनियों के नियमित होने से हजारों लोगों को सीवरेज, पेयजल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, पक्की सडकें, स्ट्रीट लाइट, पार्क जैसी जनसुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।